सार-समाचार

दायित्वों व नैतिक मूल्यों की दी जानकारी

सरमथुरा, (नि.सं.)। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने सरमथुरा उपखंड क्षेत्र के बड़ागांव स्थित उच्च माध्यमिक स्कूल में कर्तव्य बोध पखवाड़े का आयोजन किया। इस पखवाड़े का उद्देश्य टीचर्स को उनके दायित्वों और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हंसराज मीणा और अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामगोपाल मीणा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हंसराज मीणा ने शिक्षा में नैतिक मूल्यों के अवमूल्यन पर चिंता व्यक्त की और टीचर्स से स्टूडेंट्स में शाश्वत जीवन मूल्यों व नैतिक शिक्षा के प्रति सजग रहने का आहवान किया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नवनीत प्रिय त्रिपाठी ने टीचर्स के दायित्वों और मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ की संकल्पना पर जानकारी दी। उन्होंने संगठन की समृद्ध परंपरा और नीतियों के बारे में भी बताया। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामगोपाल मीणा ने शिक्षकों को कर्तव्य परायणता और निष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। मुख्य वक्ता अशोक कुमार शर्मा ने राष्ट्र मनीषी स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तृत जानकारी दी। पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन सिंह सिकरवार, उप शाखा मंत्री विवेक सिंह परमार, प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ सदस्य राहुल शर्मा और जिला महिला मंत्री दुर्गेश परमार ने स्वामी विवेकानंद और सुभाष चंद्र बोस के जीवन दर्शन को आत्मसात करने का आहवान किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल मुबारक हुसैन, हरदयाल बैरवा, तेज सिंह मीणा, सुरेश कुमार मीणा सहित अन्य अतिथियों का संगठन की ओर से स्वागत किया गया। उप शाखा अध्यक्ष मनोज शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महावीर पहलावत, चंद्रशेखर शर्मा, प्रदीप सिंह, लक्ष्मण सिंह सोलंकी, जेपी मीणा, मधुसूदन शर्मा, श्वेता गुप्ता, रेखा बेरवा, मनीषा, कुलदीप सिंह, राम खिलाड़ी, तेजराम मीणा, नंदराम मीणा, राजाराम मीणा, तेज सिंह मीणा, हरदयाल बैरवा, मुबारक हुसैन सहित बड़ी संख्या में टीचर्स उपस्थित रहे और व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया।

सड़क हादसे में चार जने घायल

गंगापुर सिटी । सदर थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम को एक कार और पिकअप की आमने-सामने की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। यह हादसा बड़ी उदेई और कमालपुर के बीच हुआ। सभी घायलों को गंगापुर सिटी के राजकीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गए। सूचना मिलने पर स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। घायलों में गण्डार निवासी ओमप्रकाश माली, उनके पुत्र रामकेश माली और कार ड्राइवर सुरेश शामिल हैं। ये तीनों गण्डार से गंगापुर सिटी की ओर आ रहे थे। वहीं, नादौती की ओर से आ रही पिकअप में सवार गुढाचन्द्रजी निवासी हेमराज खारवाल को भी चोटें आई हैं। घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट के आरोप-प्रत्यारोप भी सामने आए हैं। कार सवारों का आरोप है कि टक्कर के बाद पिकअप ड्राइवर ने गांव में फोन कर कुछ लोगों को बुला लिया, जिन्होंने लाठियों से उन पर हमला किया और उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। दूसरी ओर पिकअप में घायल हेमराज खारवाल का कहना है कि कार ड्राइवर ने लोगों को बुलाकर उनके साथ मारपीट की। फिलहाल, दोनों पक्षों के घायल जिला अस्पताल में उपचाराधीन हैं। सदर थाना पुलिस ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से इस मामले में लिखित रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस घटना की जानकारी जुटा रही है और रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

गंगापुर सिटी व बरनाला तहसीलदार सस्पेंड

गंगापुर सिटी। राजस्व मंडल राजस्थान, अजमेर ने सवाई माधोपुर जिले के गंगापुर सिटी के तहसीलदार अजय सिंह मीणा और बरनाला तहसील के तहसीलदार लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता को सस्पेंड कर दिया है। यह कार्रवाई उनके खिलाफ विभागीय जांच प्रस्तावित होने के बाद की गई है। राजस्थान सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम-13 के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दोनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय राजस्व मंडल राजस्थान, अजमेर रहेगा और उन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि विभागीय जांच पूरी होने तक संबंधित अधिकारियों को मुख्यालय पर उपस्थित रहना होगा। साथ ही उन्हें सक्षम प्राधिकारी के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। इन आदेशों की प्रतिलिपि शासन उप सचिव, जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर और अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजी गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इन कार्रवाइयों को सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत देखा जा रहा है। विभागीय जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

दाखा देवी विद्यालय में कार्यक्रम हुआ

करौली, (नि.सं.)। दाखा देवी आदर्श विद्या मंदिर में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बसंत पंचमी प्रकृति और संस्कृति का सुंदर संगम है जहां बसंती उल्लास और मां सरस्वती का ज्ञान एक साथ मिलकर जीवन में पवित्रता और सौंदर्य भर देते हैं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शालिनी सिंगला ने बताया कि विद्यालय में नवीन प्रवेश लिए गए हैं और शिशुओं को पट का पूजन करवा कर एवं हवन की आहुतियां दिलवा कर विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया है। उन्होंने बताया कि हवन बीणा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इसी के साथ सभी विद्यार्थियों ने बड़ी-बड़ी से हवन किया एवं मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया। बालक बालिकाओं के साथ प्रधानाध्यापिका शालिनी बंसल एवं विद्यालय प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष रेखा गोयनका ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती का हमारे जीवन में महत्व विषय पर अपने विचार रखें। बच्चों को ज्ञान और बुद्धि की देवी की आराधना करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय अध्यापिकाओं एवं सदस्यों द्वारा पूर्ण सहयोग दिया गया।

प्रखर महाराज के आगमन की तैयारी

करौली। संपूर्ण भारत के भ्रमण पर निकले महामंडलेश्वर स्वामी प्रखर महाराज के करौली आगमन की तैयारी को लेकर करौली इन मैरिज होम में बैठक आयोजित हुई। पुष्पेंद्र शर्मा ने बताया विश्व व्यापी आतंकवाद का समन हिंदू राष्ट्र का निर्माण एवं विश्व शांति की तथा पुरानी मात्रा के कल्याण की कामना को लेकर संपूर्ण भारत भ्रमण पर निकले संत महामंडलेश्वर स्वामी प्रखर महाराज का करौली में 27 जनवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे करौली इन मैरिज गार्डन में आगमन होगा। उन्होंने बताया कि महाराज जी विश्व कल्याण की कामना को लेकर 8 मार्च से 19 अप्रैल 2026 तक गायत्री शक्तिपीठ मनी वेद का पीठ तीर्थराज पुष्कर राजस्थान में 200 कुंडिया विराट शत गायत्री पुरुष चरण महायज्ञ का आयोजन कर रहे हैं। जिस जिसको लेकर उनके आगमन की तैयारी को लेकर 24 जनवरी 2026 को शाम 5:00 बजे बैठक आयोजित होगी। जिसमें आवश्यक रूप से भाग लेने की पुरुषोत्तम शर्मा पुष्पेंद्र शर्मा अनुपम शर्मा विद्या नरेश वैष्णव वेद प्रकाश उपाध्याय ललित हरदेनिया बबलू शुक्ला वंदना शर्मा पूजा मुद्गल कावेरी उपाध्याय आदि ने बैठक आयोजित कर सभी विप्र बंधुओ से अनुरोध किया है की 24 जनवरी को भाग लेकर महाराज के आगमन की तैयारी में सहयोग प्रदान करें।

सरमथुरा में पुलिस का संवाद कार्यक्रम

सरमथुरा। अटल सेवा केंद्र में पुलिस और आमजन के बीच एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन के लिए बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करना था। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से इस संवाद का आयोजन किया, जिसमें राज्य के सभी अटल सेवा केंद्र जुड़े थे। थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने इसकी जानकारी दी। संवाद के दौरान उपस्थित लोगों ने पुलिसिंग से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। पुलिस अधिकारियों ने इन सुझावों पर गंभीरता से विचार करने और हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता, सीएलजी पुलिस मित्र और सुरक्षा सखी जैसे विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई, साथ ही यातायात नियमों के पालन के प्रति भी जागरूकता बढ़ाई गई। इस संवाद कार्यक्रम में किशन सिंह, ब्रजेश मीणा, देवेंद्र शर्मा और अरविंद सहित लगभग 40 लोग उपस्थित थे।

पथ संचलन निकाला

भुसावर भरतपुर (निस)। भुसावर कस्बे में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती पर आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने पथ संचलन निकाला। घोष की धुन और जय हिंद के नारों के साथ कस्बे के मुख्य बाजारों में पुष्प वर्षा के बीच निकले इस संचलन ने देशभक्ति का माहौल बना दिया।

लाडो, जेएसवाई व कार्यक्रमों की पेंडेंसी निपटाएं : सक्सेना

करौली, (का.सं.)। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि विभागीय कार्यक्रम और योजनाओं में प्रगति के लिए सेक्टर प्रभारी मॉनिटरिंग बढ़ाएं। उन्होंने लाडो योजना में जिले की रैंकिंग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा संबंधित लाभार्थी से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने जिले की चिकित्सा संस्थानों को एनक्वास में सर्टिफाइड कराने के लिए हर संभव प्रयास की के लिए संबंधित सेक्टर प्रभारियों को निर्देशित किया और जिला स्तरीय क्वालिटी टीम को सहयोग के बात कही। उन्होंने चिकित्सा संस्थानों को भूमि आवंटन के बाद निर्माण कार्य प्रक्रिया में देरी की जानकारी जुटाई और अतिक्रमण वाले स्थान पर प्रशासनिक कार्यवाही के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने यूडीआईडी की पेंडेंसी के निस्तारण के लिए संबंधित पीएमओ और रोग विशेषज्ञ चिकित्सको को पाबंद किया और सिलिकोसिस पेंडेंसी को पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि बोर्ड द्वारा जल्द से जल्द पेंडेंसी को निपटाई जाए। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी लाखनसिंह ने पंचायती राज विभाग संबंधी प्रकरणों की स्थान वाइज जानकारी जुटाकर चिकित्सा संस्थानों के आवश्यक कार्यों को पंचायत समिति स्तर पर बनाए जा रहे प्लान में जुड़वाने के लिए विकास अधिकारी से संपर्क की बात कही।

सीएमएचओ डॉ. जयंती लाल मीणा ने पीपीटी के माध्यम से ब्लॉक वाइज और संस्था वाइज प्रगति को बैठक में रखते हुए चतुर्थ एएनसी रजिस्ट्रेशन का गैप कम करने, कम वजन जन्म वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर एमसीएचएन एवं पीएमएसएमए दिवस पर गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के लिए सेक्टर प्रभारियों को पाबंद किया। उन्होंने सेक्स रेशों, फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज इंजेक्शन का उपयोग बढ़ाने, मां वाउचर योजना में मॉनिटरिंग कर गैप कम करने, संपूर्ण टीकाकरण, मिसिंग टीकाकरण, जेएसवाई , गैर संचारी रोग और लाडो योजना समीक्षा की और ब्लॉक स्तर पर क्वालिटी टीम का गठन कर सूचित करने के निर्देश प्रदान किये।

डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीणा ने परिवार कल्याण के अस्थाई साधन और महिला नसबंदी की स्थिति से अवगत कराकर इस वित्तीय वर्ष में आवंटित लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ धर्मेंद्र द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के द्वितीय चरण की जानकारी से अवगत कराया।

डीपीओ आशुतोष पांडे द्वारा अभी तक जिले एनक्वास सर्टिफाइड चिकित्सा संस्थानों के बारे में बताते हुए जिले की 50 प्रतिशत चिकित्सा संस्थानों को सर्टिफाइड कराने में सहयोग की अपेक्षा जताई। इस दौरान पीएचसी बालाजी को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम में प्रमाणित होने का प्रमाण पत्र जारी किया गया। बैठक में मुखबिर योजना , पीसीपीएनडीटी अधिनियम की जानकारी व भ्रूण लिंग परीक्षण रोकने का जागरूकता परक कैलेंडर का विमोचन किया गया।

बैठक में डिप्टी हेल्थ ओमप्रकाश महावर, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी करौली डॉ रामकेश मीणा, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी हिंडौन डॉ.पुष्पेंद्र बंसल, डीपीसी -आईईसी लखन सिंह लोधा, डीपीसी -पीसीपीएनडीटी नगीना शर्मा, डीएएम कपिल बंसल, डीपीसी-एनसीडी मनोज कुमार, जेएसएअंकुर सिंघल सहित बीसीएमओ और सीएचसी -पीएचसी प्रभारी मौजूद रहे।

हरकेश पहलवान ने जीती 31 हजार की बड़ी कुश्ती

रूपवास। कस्बे के मेला मैदान में नगर पालिका के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे बसंत पशु मेला एवं प्रदर्शनी में विशाल कुश्ती दंगल का भव्य आयोजन एसडीएम विष्णु बंसल के मुख्यातिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पहलवान उदय सिंह ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वृत्त अधिकारी नीरज भारद्वाज, तहसीलदार अमित शर्मा, पूर्व सरपंच राकेश भातरा, प्रवीण अंधाना, धीरज शुक्ला एवं चंद्र मोहन शर्मा मौजूद रहे। नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी योगेश पिप्पल ने बताया कि दंगल की आखिरी और सबसे बड़ी कुश्ती 31,000 रुपये की हरकेश पहलवान हाथरस एवं रिंकू पहलवान दिल्ली के बीच हुई, जिसमें हरकेश पहलवान ने कड़े मुकाबले के बाद रिंकू पहलवान को पराजित कर जीत हासिल की। यह रोमांचक कुश्ती करीब 5 मिनट तक चली, जिस दौरान दर्शक तालियों और नारों से दंगल को गूंजाते रहे।

कुश्ती दंगल की शुरुआत 50, 100, 200, 500, 1100, 2100, 3100, 5100, 11,000, 21,000 रुपये तक की कुश्तियां कराई गईं। अंतिम चरण में 31 हजार रुपये की कुश्ती ने पूरे दंगल को चरम पर पहुंचा दिया। पहलवानों ने दांव-पेंच, फुर्ती और ताकत का बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कुश्ती दंगल में महिला पहलवानों की भागीदारी भी विशेष आकर्षण रही। दामिनी चाहर अकोला, उत्तर प्रदेश एवं सुमित पलवल के मध्य हुई। जोकि निर्धारित समय के बाद बराबरी पर छूटी। महिला पहलवानों की प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया और खूब वाहवाही लूटी।

कुश्ती दंगल में निर्णायक की भूमिका महावीर पहलवान, गुलाब पहलवान, राजू पहलवान,जगदीश पहलवान ने निभाई। वहीं जोड़ी मिलने का कार्य पवन पहलवान,कोशू पहलवान, मक्खन पहलवान, बिहारी पहलवान ने किया। नगर पालिका द्वारा सभी विजेता पहलवानों को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं आखिरी कुश्ती कमेटी की ओर से 31,000 रुपये की दो कुश्तियां भी कराई गईं। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से बयाना सदर, घड़ी बाजना, रुदावल, उज्जैन, गहनोली एवं रूपवास थाना पुलिस सहित क्यूआरटी भरतपुर का जाप्ता पूरे समय तैनात रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

'स्वस्थ जीवन के लिए रक्तदान जरूरी'

हिंडौन सिटी, (का.सं.)। राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं समग्र विकास संस्थान सवाई माधोपुर के संयुक्त तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।

समाज में रक्तदान के प्रति जन जागरुकता हेतु आयोजित इस रक्तदान शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकुमारी जाटव पूर्व विधायक हिंडौन, मुख्य वक्ता राजेश मीणा अतिरिक्त मुख्य शिक्षा अधिकारी करौली एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य पप्पू रामकोली द्वारा मां सरस्वती एवं सुभाष चंद्र बोस के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पप्पू राम कोली ने बताया कि महाविद्यालय के सह आचार्य डॉ सुरेश चंद्र मीना की पुण्य स्मृति में इस रक्तदान शिविर को आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजकुमारी जाटव पूर्व विधायक ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय को विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें अपने संस्कारों के साथ देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। मुख्य वक्ता राजेश मीणा ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण में उस देश की युवा शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान होता है और हम सब नेताजी सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हुए विकसित भारत के नवनिर्माण में अपना योगदान देकर उनके सपनों को साकार कर सकते हैं । इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीतेश जैन ने बताया कि रक्त का एकमात्र सोर्स मानव शरीर ही है और एक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्त दान करना चाहिए। समठा विकास संस्थान के रोबिन सोलंकी ने ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि गंभीर बीमारियों के इलाज में रक्त की आवश्यकता बनी रहती है और इस प्रकार के रक्तदान शिविरों से ही रक्त की आपूर्ति होती है । इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रेरणा करते हुए डॉ अनिल अठावाल ने कहा कि रक्तदान से ही व्यक्ति के प्लाज्मा प्लेटलेट्स आदि का उपयोग गंभीर बीमारियों के उपचार में किया जाता है। पूजा ब्लड बैंक के प्रभारी रमेश चंद मीणा ने समठा विकास संस्थान एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर की प्रशंसा की । संकाय सदस्य गंगाराम मीणा ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों के के सहयोग से 41 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस शिविर के सफल संचालन हेतु प्राचार्य डॉ पप्पू राम कोली द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मतदाता साक्षरता क्लब के प्रभारी डॉ रीतेश जैन ने बताया कि राज्य निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त निर्देशों की पालना में राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पूर्व महाविद्यालय में सभी नव मतदाताओं को मतदान जागरूकता की शपथ प्राचार्य महोदय द्वारा दिलवाई गई एवं विद्यार्थियों द्वारा मतदान जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान भी संचालित किया गया। इसी क्रम में कल महाविद्यालय में नैतिक मतदान का महत्व एवं मतदान जागरूकता के लिए भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ दिनेश कुमार मीणा, यशस्वी मीना , डॉ श्रीनिवास गुर्जर उपमा मीणा राजकुमारी, अभिषेक , धीरेंद्र रावत, मनोज जोगी सुनीता छुट्टन लाल मीणा एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

वंदे मातरम का गायन किया

भरतपुर, (निस)। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया और जिला कलक्टर कमर चौधरी के निर्देशन में शुक्रवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट परिसर में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अतिरिक्त संभागीय आयुक्त नीलमा तक्षक, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट राहुल सैनी, प्रशिक्षु आईएएस भानु शर्मा, राजस्व अपील अधिकारी रिछपालसिंह बुरड़क, डीआईजी स्टाम्प मुनिदेव यादव, एसीईओ रेखा रानी, भरतपुर उपखंड अधिकारी भारती गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। इसी क्रम में जिले के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में भी राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। पर्यटन विभाग, जल संसाधन विभाग, डेयरी विभाग, रोजगार विभाग, सहकारिता विभाग, सूचना-जनसंपर्क विभाग सहित समस्त उपखंड कार्यालयों, पंचायत कार्यालयों एवं राजकीय संस्थानों में अधिकारियों-कर्मचारियों ने सहभागिता निभाई। जिलेभर में कार्यक्रमों के माध्यम से वंदे मातरम के ऐतिहासिक महत्व को स्मरण करते हुए संदेश दिया। कार्यक्रम ने जनमानस में देशभक्ति की भावना को और अधिक सशक्त किया।

गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह ने अभियोजन भवन का लोकार्पण किया

गंगापुर सिटी, (नि.सं.)। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने गुरुवार को गंगापुरसिटी में नवनिर्मित अभियोजन भवन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अपराधी कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा और उसका स्थान सलाखों के पीछे ही होगा। उन्होंने जोर दिया कि राज्य सरकार प्रदेश में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह कार्यक्रम गंगापुरसिटी उपखंड के मिनी सचिवालय परिसर में आयोजित किया गया था। मंत्री बेढम निर्धारित समय से 3 घंटे देरी से पहुंचे, जहां उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। अपने संबोधन में गृह राज्यमंत्री ने नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की 2022-23 की रिपोर्ट का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस समय राजस्थान में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा था, जिसमें महिला अपराध, बच्चियों के साथ बलात्कार, चोरी, डकैती और हत्या जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही थीं। उन्होंने वकीलों पर लाठीचार्ज की घटनाओं का भी उल्लेख किया।

बेढम ने कहा कि 2047 के विकसित भारत के संकल्प में राजस्थान की अहम भूमिका होगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश के हर व्यक्ति को अपने परिवार का सदस्य मानकर काम कर रही है और ''सबका साथ, सबका विकास'' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करते रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। इससे पहले जयपुर अभियोजन विभाग के निदेशक तिरुपति कुमार गुप्ता ने बताया कि यह गृह क्षेत्र से नवनिर्मित अभियोजन भवन का लोकार्पण किया जा रहा है, और शेष प्रदेश में बने अभियोजन भवनों का लोकार्पण भी जल्द किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष योगेश कुमार शर्मा सहित कई अधिवक्तागण, अधिकारी और शहर के प्रबुधजन मौजूद थे।

अपने निर्धारित समय से करीब 3 घंटे देरी से पहुंचे गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम का शहर की सीमा हिण्डोन पुल पर भाजपा पदाधिकारियो ने माला एवं साफा पहना कर आगवानी की। इसके बाद जगह जगह पर मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। पंचायत समिति के सामने सीतराम गुप्ता एडवोकेट एंव भाजपा कार्यकर्ता मिठठू लाल गुर्जर के नेतृत्व में मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। बार एसोसियेशन अध्यक्ष योगेश शर्मा के नेतृत्व में वकीलो ने मंत्री का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

सकल सर्व समाज की बैठक हुई

भरतपुर, (निस)। गायत्री शक्तिपीठ पर सकल हिन्दू सर्व समाज के नागरिकों की विराट हिन्दू सम्मेलन के संदर्भ में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में दिनेश गुप्ता का पाथेय रहा। राजेन्द्र सिंह (किला) को अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

सरंक्षक चन्द्रभान वर्मा (एमईएस) एवं उपाध्यक्ष के लिये बच्चू सिंह कुन्तल, रामेश्वर सैन, आर.बी. सक्सैना, राजेन्द्र उपाध्याय, संजय एजेन्सी, अशोक शर्मा, रमेश कोली, पूरन सिंह जाटव, राजेश बाल्मीक, विनोद बाल्मीक, श्रीकिशन कश्यप, मा. भागमल, पप्पू सैनी, संयुक्त सचिव अंकुर खण्डेलवाल सीए, विक्की गर्ग आदि को दायित्व सौंपे।

शास्त्री संस्कृत कॉलेज के नवीन भवन का शिलान्यास

करौली। राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय, करौली में नवीन भवन निर्माण हेतु शिला न्यास कार्यक्रम आज अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दर्शन सिंह गुर्जर (हिंडौन) रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हंस राज शर्मा ने की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिलान्यास कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधिवत भूमि पूजन के साथ किया गया। विधायक द्वारा शिला पट्टिका का अनावरण कर विधिवत शिला स्थापना की गई।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि सरपंच शेर सिंह, आरएसआरडीसी के परियोजना निदेशक मनोज श्रीवास्तव, परियोजना अधिकारी अनिल कुमार, महाविद्यालय के समस्त आचार्यगण एवं कर्मचारी, मढ़ई ग्राम के लोग, छात्र-छात्राएँ एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने अपने उद्बोधन में घोषणा की कि राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय, करौली में चारदीवारी निर्माण कार्य का लेकर 99.28 लाख (निन्यानवे लाख अट्ठाईस हजार रुपये) की राशि बजट में स्वीकृत करवाई गई है, जिससे महाविद्यालय की सुरक्षा एवं आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जा सकेगा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हंस राज शर्मा ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वीकृति महाविद्यालय के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

इससे न केवल संस्थान की भौतिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि विद्यार्थियों को एक सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित शैक्षिणक वातावरण प्राप्त होगा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया।

बसंत पंचमी व जन्मोत्सव

भरतपुर, (निस)। श्रीरामलीला समिति के तत्वावधान में पुराने लक्ष्मन मंदिर में बसंत पंचमी दिवस आगमन की पूर्व संध्या पर माँ शारदे का सृष्टि में प्राकट्स दिवस एवं महान साहित्यकार महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' के जन्मोत्सव पर अध्यात्म एवं साहित्यिक गोष्ठी आयोजित की गई। मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि शहर के अनेक विद्वान कवियों ने भाग लिया। अध्यक्षता ब्रजेश कौशिक ने की व संचालन रेणुदीप गौड ने किया।

श्री मत्स्य कॉलेज ऑफ एज्युकेशन

गंगापुर सिटी, जिला-सवाई माधोपुर राज.

Email:- shrimatsaya college of education@gmail.com

आवश्यकता

पद :- प्राचार्य

योग्यता:- कोटा विश्वविद्यालय, कोटा एवं यूजीसी के मापदण्डानुसर (स्नातकोत्तर, पीएचडी एवं 12 वर्ष का शिक्षण अनुभव)

वेतनमान:-विश्वविद्यालय एवं राज्य सरकार के मापदण्डानुसार

अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशित होने से सात दिवस में मूल प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपि सहित आवेदन करें। साक्षात्कार हेतु Whats app/Email/डाक द्वारा/ व्यक्तिशः सूचित कर दिया जावेगा।

सचिव

कैमरी के जगदीश धाम पर बसंत पंचमी का मेला भरा

हिंडौन सिटी। समीपवर्ती प्रसिद्ध आस्थाधाम जगदीश धाम कैमरी में शुक्रवार को भगवान जगदीश जी के 347वें स्थापना दिवस के मौके पर बसंत मेले पर लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान जगदीश के दर्शन कर मनौती मांगी। मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के गृह राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढम रहे। विशिष्ट अतिथि कर्नल बैंसला की पुत्री पूर्व आयकर विभाग की महानिदेशक सुनीता बैंसला, करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, गंगापुर के पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, राजेन्द्र शेखपुरा, पूर्व विधायक बत्तीलाल मीना रहे ।

कार्यक्रम के संयोजक बारह गांव खटाना परिवार सहित जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम खटाना, कोषाध्यक्ष शीशराम खटाना, ट्रस्ट और पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना, मुरारीलाल नेताजी, पूर्व सरपंच हंसराज खटाना, सियाराम वकील सहित ट्रस्ट के सदस्यों ने अतिथियों का 51 किलो की माला से स्वागत किया साथ ही सभी अतिथियों का भगवान जगदीश जी की प्रतिमा, माला और साफा पहनाकर स्वागत किया । मुख्यातिथि बेढम ने कैमरी गांव के इतिहास के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जब भगवान कृष्ण संदीपन ऋषि के आश्रम में पढ़ने के लिए तब जहाँ जहाँ रात्रि विश्राम किया वही रासलीलाएं की। कैमरी धाम उनकी रासलीलाओं का एक महत्वपूर्ण स्थान था। मंत्री ने कैमरी के लिए स्वीकृत सीएचसी, कृष्णा गमन पथ, कन्या छात्रावास, खेड़ला से कैमरी तक स्वीकृत रोड़ के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने का विश्वास दिलाया । गृहराज्यमंत्री ने समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सभी से बढ़ाने की बात कही । उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में और नौकरियों में समाज के प्रतिनिधित्व के लिये कर्नल बैंसला के योगदान को याद रखा जाएगा । उन्होंने कैमरी के मूल जन्मस्थान पान्होरी